


मंगलवार
11 अक्टूबर 2022
डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## छोटी खबरें

### आज किडनी के इलाज के लिए सिंगापुर जायेंगे लालू



**पटना।** लालू यादव मंगलवार को किडनी के इलाज के लिए सिंगापुर जाएंगे। इस बात की पुष्टि उन्होंने खुद की। बता दें कि लालू प्रसाद किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। इसे लेकर पासपोर्ट रिलीज की अनुमति मिल चुकी है। सीबीआई की विशेष अदालत में मामले को लेकर 16 सितंबर को सुनवाई हुई थी। जिसमें लालू यादव को सिंगापुर जाने की अनुमति मिल गई है। सोमवार को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में लालू यादव ने सब को संबोधित करते हुए यह कहा कि वह कल इलाज के लिए सिंगापुर जा रहे हैं। वह मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के अंतिम संस्कार में नहीं जाएंगे। वहां तेजस्वी यादव जाएंगे और वह खुद इलाज के लिए सिंगापुर जा रहे हैं।

### बीपीएससी की 31वीं न्यायिक सेवा का रिजल्ट जारी

**पटना।** बीपीएससी ने 31वीं न्यायिक सेवा का रिजल्ट सोमवार को जारी कर दिया है। इस परीक्षा में कुल 214 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। इसमें रांची की भावना नंदा टॉपर बनी, तो वहीं दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश के दिव्यांशु गुप्ता और तीसरे स्थान पर मधुबनी के राघव कुमार है। वहीं, चौथे स्थान पर मोतिहारी के स्नेहा सिंह और पांचवे पर मधेपुरा की पायल मिश्रा ने जगह बनाई। बीपीएससी की 31वीं न्यायिक सेवा परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी अपना रिजल्ट आयोग की वेबसाइट ुस्र2ुँ.ल्लू.ल्ल पर जाकर चेक कर सकते हैं। बता दें कि इस बार कुल 688 उम्मीदवार शामिल हुए थे। बीपीएससी के द्वारा 21वी न्यायिक सेवा के लिए अप्रैल 2020 में 221 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था जिसकी मुख्य लिखित परीक्षा में कुल 693 उम्मीदवार सफल हुए थे। जिनका इंटरव्यू 22 अगस्त से 6 सितंबर 2022 के बीच हुआ था।

# नेताजी का जाना लोहियावाद के एक युग का अंत

## मुलायम के निधन पर उत्तर प्रदेश में 3 दिन और बिहार में एक दिन के राजकीय शोक

- सपा के संरक्षक मुलायम सिंह यादव का हुआ देहांत, देश में शोक की लहर
- नेताओं, अभिनेताओं और आम लोगों ने दी मुलायमजी को श्रद्धांजलि
- बोले पीएम - मुलायमजी का वह आशीर्वाद, सलाह के दो शब्द आज भी मेरी अमानत













**केटी न्यूज/यूपी टीम**

समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव का सोमवार की सुबह निधन हो गया। निधन के पूर्व 82 साल के मुलायम का इलाज गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में चल रहा था। लगभग 50 दिन से इलाजरत नेता जी को यूरिन और बीपी की प्रॉब्लम बढ़ने के बाद दो अक्टूबर को आईसीयू में शिफ्ट किया गया था। जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ती गई। निधन के बाद उनके बेटे अखिलेश यादव ने आधिकारिक पुष्टि कर जानकारी दी कि मेरे आदरणीय पिता जी और सबके नेताजी नहीं रहे। मुलायम के निधन पर उत्तर प्रदेश में तीन दिन और बिहार में एक दिन के राजकीय शोक का ऐलान किया गया है। अंतिम संस्कार के लिए मुलायम की पार्थिव देह सैफई स्थित पैतृक निवास लाई गई है। जहां मंगलवार की दोपहर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

मुलायम सिंह यादव दो साल से बीमार चल रहे थे। परेशानी अधिक बढ़ने पर उन्हें अक्सर हॉस्पिटल में भर्ती कराया जाता रहा। पिछले साल उन्हें कोरोना भी हुआ था। 26 सितंबर को आखिरी बार चेकअप के लिए मुलायम सिंह यादव मेदांता गुरुग्राम पहुंचे थे। तब से आखिर तक वे वहीं भर्ती थे। पांच सितंबर को भी मुलायम सिंह को मेदांता में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था। अक्टूबर 2020 में मुलायम कोरोना पॉजिटिव भी हो गए थे, हालांकि उन्होंने वैक्सीन लगवाई थी। अगस्त 2020 में पेट दर्द के चलते मेदांता में भर्ती कराए गए थे। जांच में यूरिन इन्फेक्शन का पता चला था। मुलायम के निधन पर उत्तर प्रदेश में 3 दिन और बिहार में एक दिन के राजकीय शोक का ऐलान किया गया है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ शाम को सैफई पहुंचे और मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर यूपी सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी भी मौजूद रहे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को श्रद्धांजलि देने के लिए मेदांता भी पहुंचे थे। अंतिम संस्कार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी भी मौजूद रहेंगे। वहीं, सूचना मिल रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नेता जी के अंतिम संस्कार में शामिल हो सकते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राजद चीफ लालू यादव समेत सभी बड़े नेताओं ने यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के रक्षा मंत्री रह चुके मुलायम को श्रद्धांजलि दी है।

**लोहियावाद के एक युग का अंत हुआ : आचार्य प्रमोद कृष्णम**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोण कृष्णनम ने कहा कि नेताजी का जाना समाजवाद और लोहियावाद के एक युग का अंत है। नेताजी एकमात्र नेता थे जिन्हें सुभाष चंद्र बोस के बाद नेताजी कहकर बुलाया जाता था। वो केवल समाजवादी पार्टी के नेता नहीं थे, बल्कि पूरे देश के नेता थे। यह क्षति पूरे देश की है। आज उनके जाने से जो राजनीति में शून्य पैदा हुआ है, मुझे नहीं लगता अब वह भर पाएगा। क्योंकि राजनीति में अब कोई दूसरा मुलायम सिंह पैदा नहीं होगा।

### मुलायमजी का जाना देश के लिए बहुत बड़ी क्षति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के भरुच में जनसभा कर रहे थे। जहां उन्होंने जनसभा के दौरान सबसे पहले मुलायम सिंह यादव को याद किया। उन्होंने कहा कि मुलायमजी का जाना देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है। मेरा मुलायमजी के साथ नाता विशेष प्रकार का रहा। हम दोनों मुख्यमंत्री के तौर पर मिला करते थे, वे भी और मैं भी दोनों के प्रति एक अपनत्व का भाव अनुभव करते थे। 2014 में जब भाजपा ने मुझे प्रधानमंत्री पद के लिए चुना तो मैंने विपक्ष में अपने परिचित लोगों को फोन करके आशीर्वाद लिया था। उस दिन मुलायमजी का वह आशीर्वाद, सलाह के दो शब्द आज भी मेरी अमानत हैं।

### बलिया के लाल जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से ही राजनीति में जन्म हुआ था मुलायम सिंह यादव का

**तिलक कुमार/बलिया**

समाजवादी पार्टी के संरक्षक और संस्थापक मुलायम सिंह यादव का निधन हो गया। 82 साल की उम्र में मुलायम सिंह यादव ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में आखिरी सांसें लीं। नेताजी के नाम से मशहूर मुलायम सिंह यादव के निधन पर उनके किस्से-कहानियां याद किए जा रहे हैं। बलिया से नेताजी का खास रिश्ता था। बलिया के जयप्रकाश नारायण के खास थे। उनके विचारों से प्रभावित थे। 2003 की बात है मुलायम सिंह यादव बलिया के दौरे पर थे। मुलायम लोकनायक जयप्रकाश नारायण के गांव पहुंचे थे। जयप्रकाश नगर में ह्यनेताजीह्ण जेपी निवास पर पहुंचे। जेपी के पूरे घर में घूमे, भावुक भी हुए। क्योंकि जेपी के आंदोलन से ही तो जन्मा था सियासत का ये पहलवान। लालू-नीतीश और मुलायम आपातकाल के दौर में जेपी आंदोलन से ही जन्मे नेता थे। विजिटर डायरी में क्या लिखा ? जेपी निवास पर एक विजिटर डायरी रखी रहती है। 2003 में भी रखी थी। मुलायम को इस डायरी में कुछ लिखना था। दरअसल रवायत होती है कि जेपी निवास पर आने वाला हर व्यक्ति एक संदेश विजिटर डायरी में लिखे। तो मुलायम सिंह ने विजिटर डायरी पर लिखना शुरू किया। जेपी के इस शिष्य ने विजिटर डायरी में लिखा- ह्लसंपूर्ण क्रांति के अधूरे सपने को करना है पूरा ।ह्व ये साधारण वाक्य नहीं था। ये पूरी की पूरी कहानी थी या एक मुकम्मल कविता थी। जो आज भी एक स्मृति की डोर की तरह जेपी आंदोलन से जुड़ी है।

## हेरोईन की बड़ी खेप के साथ सप्लायर सहित दो गिरफ्तार

- उदवंतनगर थाना के जीरो माइल के समीप पकड़े गए अपराधी
- 400 ग्राम हेरोईन, 10 हजार रुपये नगद, बाइक और 3 मोबाइल बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में भोजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हेरोईन की बड़ी खेप के साथ अंतरराज्यीय सप्लायर सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चार सौ ग्राम हेरोईन, दस हजार रुपए नगद, एक बाइक और तीन मोबाइल बरामद किया गया है। जब्त हेरोईन की कीमत लाखों में आंकी जा रही है। गिरफ्तार तस्करों में मध्य प्रदेश के मुंदसौर जिले के दशोरिया निवासी जगदीश मेघवाल और भोजपुर के आयर थाने के बलिगांव निवासी विजय कुमार शामिल हैं। दोनों को शहर के सटे उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जीरो माइल के पास से पकड़ा गया। जगदीश मेघवाल हेरोइन अंतरराज्यीय सप्लायर है। जबकि विजय कुमार रिसीवर बताया जा रहा है। एसपी संजय कुमार सिंह द्वारा सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि रविवार की शाम जीरो माइल के समीप हेरोईन की बड़ी खेप की डिलीवरी होने की सूचना मिली। उस आधार पर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम बना कर छापेमारी की गयी। इस दौरान दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से चार सौ ग्राम हेरोईन, दस रुपये नगद, बाइक और तीन मोबाइल बरामद किये गये।टीम में उदवंतनगर सीओ शैलेन्द्र कुमार, डीआईयू इंचार्ज इंस्पेक्टर शंभू भगत, उदवंतनगर थानाध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद, एएसआई गौरीशंकर, डीआईयू के दारोगा राकेश कुमार और राजीव कुमार शामिल थे।

**राजस्थान व एमपी के सीमावर्ती इलाकों से भोजपुर में की जा रही हेरोईन की सप्लाई:** एसपी ने बताया कि हेरोईन की खेप के साथ गिरफ्तार एमपी का जगदीश मेघवाल बड़ा अंतराज्यीय तस्कर है। उसका भोजपुर के तस्करों से काफी दिनों से कनेक्शन रहा है। वह काफी दिनों से जिले में हेरोईन की सप्लाई करता था। उसकी काफी दिनों से तलाश की जा रही है। उसने पूछताछ में पूर्व में जिले के कुछ तस्करों को हेरोईन की खेप देने की बात स्वीकार की है।

## पारिवारिक कलह में दो परिवार तबाह, 6 बच्चों समेत 8 की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

सूबे में पारिवारिक कलह के कारण अलग अलग जिलों में दो परिवार तबाह हो गए। पारिवारिक विवाद में कैमूर व बेतिया में 6 बच्चों समेत 8 लोगों की मौत हो गई। इन घटनाओं में महिला ने अपने बच्चों के साथ खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार कैमूर में पति से झगड़े के बाद एक महिला ने अपने 3 बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगा दी। इसमें चारों की मौत हो गई। वहीं, बेतिया में पारिवारिक विवाद के बाद महिला अपने 3 मासूम बच्चों के साथ नदी में कूद गई। महिला और उसकी बेटी की लाश मिली है। एसडीआरएफ की टीम उसके दो बेटों को तलाश रही है।

**कैमूर में पति से झगड़े के बाद बच्चों समेत कुएं में कूदी महिला :** बताया जा रहा है कि महिला का पति से विवाद हुआ था। इसके बाद वो तीनों बच्चों को लेकर घर से चली गई। कुछ देर बाद कुएं में लोगों ने लाशों को देखा। पुलिस की मदद से सभी के शवों को निकाला गया। घटना की जानकारी किसी को हो पाती और चारों का रेस्क्यू किया जाता, तब तक मां समेत उसके तीन बच्चों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कैमूर जिले की भगवानपुर थाना पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद चारों का शव कुंए से बाहर निकाला। मामले में आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## गर्भवतियों की स्वास्थ्य जांच में बिहार का बेहतर प्रदर्शन

### पीएमएसएमए योजना के तहत दूसरी तिमाही की तुलना में 5236 अधिक गर्भवती महिलाओं ने कराई जांच

- लगातार तीसरी तिमाही में भी दूसरे स्थान पर रहा कायम, 36,700 लाभार्थियों ने उठाया लाभ
- पहले स्थान पर उत्तर प्रदेश तो तीसरे स्थान पर रहा पश्चिम बंगाल



**केटी न्यूज/पटना**

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के तहत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के मामले में बिहार लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। लगातार तीसरी तिमाही में भी दूसरे स्थान बरकार रखने में कायम रहा। तीसरी तिमाही जुलाई से लेकर सितंबर तक बिहार की 36,700 महिलाओं ने योजना का लाभ उठाया, जो दूसरी तिमाही की अपेक्षा 5236 अधिक है। वहीं, उत्तर प्रदेश पहले स्थान और आंध्रप्रदेश तीसरे स्थान पर काबिज है। इस तरह से उत्तर प्रदेश, बिहार, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु पहले पांच स्थान पर है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, तीसरी तिमाही में तीन करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाएं योजना से लाभान्वित हुईं। जिसमें उत्तरप्रदेश में 1,09,668, बिहार में 36,700, आंध्रप्रदेश में 36,209, पश्चिम बंगाल 19,156 और तमिलनाडु में 12, 286 गर्भवती ने योजना का लाभ उठाया। इन पांचों राज्यों का प्रदर्शन दूसरी तिमाही की अपेक्षा बेहतर रहा। विदित हो कि देश में तीन करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पीएमएसएमए शुरू किया गया। इसके अभियान के तहत लाभार्थियों को प्रत्येक महीने की नौ तारी को प्रसव पूर्व देखभाल सेवा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। किसी माह में नौ तारीख को रविवार या अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस पर आयोजित किया जाता है। यहां आने वाली सभी गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था की दूसरी तिमाही में निःशुल्क अल्ट्रासाउंड, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन, वजन, रक्त जांच और एचआईवी की जांच की जाती और दवाइयां दी जाती हैं।

**हर स्तर पर उपलब्ध करायी जाती है सेवा :** इस अभियान के तहत उक्त सेवाएं शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पीएचसी, सीएचसी, डीएच, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों आदि पर उपलब्ध कराई जाती है। गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ और चिकित्सक द्वारा की जाती है। इसके लिए निजी चिकित्सकों की भी सहायता ली जाती है ताकि सेवा का लाभ गर्भवती महिलाओं को सुचारू रूप से मिल सके।

## रेल कॉरिडोर के भूमि अधिग्रहण का किसानों ने किया विरोध

**केटी न्यूज/बक्सर**

चौसा में बन रहे रेल थर्मल पावर प्रोजेक्ट का कार्य तेजी से चल रहा है। 2023 में यहां 650 मेगावाट की एक यूनिट को चालू किया जाना है। जिसके लिए यहां कोयले की आपूर्ति अनिवार्य है। लेकिन, उसके लिए थर्मल पावर तक रेलवे की पटरी बिछाई जानी है। लेकिन, उसके लिए जिस भूमि का अधिग्रहण होना है। उसका किसानों ने विरोध शुरू कर दिया है। उनका कहना है, हमें मौजूदा दर से भूमि का मुआवजा चाहिए। जबकि संबंधित कंपनी एसजेवीएन का कहना है। पहले से राशि तय है। उसके अनुरूप मुआवजा मिलेगा। इसको लेकर पिछले कुछ माह से विरोध चल रहा है। इसी बीच सोमवार को भूमि की मापी कराने चौसा अंचल के सीओ पहुंचे, तो किसानों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। उनका कहना था कि जब प्लांट के लिए वर्ष 2016 में मुआवजे का भुगतान हो रहा था। तभी हमें रेल परिपथ में आने वाली भूमि का भुगतान क्यूं नहीं किया गया। आज हमारी जमा राशि दोगुनी हो गई होती। आज छह वर्ष बाद उसी दर पर भुगतान की बात हो रही है जो उचित नहीं है। आज जमीन अधिग्रहित हो रही है तो हमें मौजूदा दर के अनुसार इसका भुगतान किया जाए।

केशव टाइम्स
शाहाबाद, 11 अक्टूबर 2022




# प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड का खुलासा : दोस्तों की आपसी रंजिश में मारा गया था केबी

- सरेंडर करने वाले आरोपित से पूछताछ के बाद पुलिस ने खोला हत्या का राज
- हथियार की बरामदगी और अन्य आरोपितों की धरपकड़ को की जा रही छापेमारी

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित टाउन थाना अंतर्गत शिवपुर आनंद नगर मोहल्ले में दोस्त की बर्थडे पार्टी मना रहे प्रॉपर्टी डीलर जीतेंद्र कुमार उर्फ केबी की हत्या का राज खुल गया। आपसी रंजिश में उसे दोस्तों द्वारा ही गोली मार दी गयी थी। मुख्य आरोपित सुमित कुमार सिंह से पूछताछ के बाद एसपी संजय कुमार सिंह द्वारा यह जानकारी दी गयी। सुमित कुमार सिंह नगर थाना क्षेत्र के महावीर टोला का रहने वाला है। उसने रविवार को पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया था। एसपी ने बताया दशहरा की रात बर्थडे पार्टी में जीतेंद्र कुमार केबी की हत्या की गयी थी। उसके बाद कांड का खुलासा और आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। उसके कारण सुमित कुमार सिंह द्वारा पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया गया। उसने पूछताछ में हत्या के कारण से आरोपितों के भागने तक के बारे में जानकारी दी है। अनुसंधान में उसकी अधिकतर बातें सही पायी गयी है। हालांकि हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद नहीं हुआ है। घटना में शामिल सभी की पहचान कर ली गयी है। नामजद सहित अन्य सभी आरोपितों और हथियार की बरामदगी को लेकर छापेमारी की जा रही है।



## नोंकझोंक के बाद केबी के हथियार से ही मार दी उसे गोली

एसपी के अनुसार बर्थडे पार्टी में 13-14 लोग शामिल थे। सभी उस पार्टी में आमंत्रित थे। तकनीकी जांच में सभी की पहचान की गयी है। पार्टी में शराब का सेवन भी किया जा रहा था। उसी दौरान केबी और दोस्त के बीच किसी बात को लेकर नोंकझोंक हो गयी। उसे लेकर एक-दूसरे द्वारा अभद्र भाषा और टिप्पणी का प्रयोग किया जाने लगा। उसी में एक दोस्त ने केबी का ही हथियार लेकर उसे गोली मार दी गयी। उसे चार गोलियां मारी गयी थी। अनुसंधान के दौरान उसकी पुष्टि भी हो गरी है। इस मामले में एक साथ कई अपराध किये गये हैं। हत्या के अलावे शराब का सेवन और अवैध हथियार का इस्तेमाल किया गया है। तीनों मामले में केस किया गया है। बताते चलें कि जवाहर टोला निवासी प्रॉपर्टी डीलर जीतेंद्र कुमार उर्फ केबी दशहरा की रात शिवपुर आनंद नगर में अपने दोस्त गोलू बाबा की बर्थ-डे पार्टी में गया था। वहां शराब व कबाब की पार्टी भी चल रही थी। उसी दौरान केबी की गोली मार हत्या कर दी गयी थी। उसे लेकर पीर बाबा रोड निवासी गोलू बाबा, हॉबी बाबा, महावीर टोला निवासी सुमित सिंह, बाबू बाजार निवासी पंकज सिंह, विष्णु नगर निवासी अजीत कुमार और शिवपुर निवासी बउआ सिंह सहित अन्य नामजद और सात अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

## शहर छोटी खबरें

### यातायात पुलिस को मिले इंटरसेप्टर से लैस दो वाहन

**रोहतास।** एनएच पर तेज रफ्तार वाहन चलाने और कानफोडू प्रेशर हार्न बजाकर गुजरने वालों पर लगाम कसी जाएगी। इसके लिए जिले के यातायात पुलिस के बेड़े में दो इंटरसेप्टर मशीन से लैस वाहनों को शामिल किया गया है। इन दोनों वाहनों को एसपी आशीष भारती ने सोमवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ऐ मशीन दूर से ही सड़क पर दौड़ने वाले वाहनों पर नजर रखेगी और गड़बड़ी करने वालों पर यातायात पुलिस का अमला कार्रवाई करेगा। एसपी ने बताया कि इंटरसेप्टर मशीन के द्वारा ओवर स्पीड वाहनों की जांच की जाएगी। इस मशीन की खासियत यह है कि यह ऑटोमेटिक वाहनों की रफ्तार को डिटेक्ट करेगा।

### रेलवे ट्रैक पर एक महिला का मिला शव

**कैमूर।** पंडित दीनदयाल गया रेलखंड पर सोमवार की दोपहर बहेरा गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर एक महिला का क्षत-विक्षत शव को दुर्गावती पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार मृतक अज्ञात महिला की उम्र लगभग 50 वर्षीय बताई जा रही है। घटना के बाद ट्रैक पर पड़े शव को देखने के लिए आसपास के लोगों का आने-जाने का सिलसिला लगा रहा। लोगों ने महिला की पहचान करने की कोशिश की लेकिन महिला की पहचान नहीं हो पाई। घटना सूचना मिलने के बाद उक्त स्थल पर आरपीएफ की टीम पहुंची जहां स्थानीय दुर्गावती थाने को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची दुर्गावती पुलिस ने शव को कब्जे में कर थाने ले गई।

### वन्य प्राणी सप्ताह का हुआ समापन

**कैमूर।** दो अक्टूबर से शुरू हुई वन्य प्राणी सप्ताह का समापन रविवार को हुआ। मौके पर कैमूर वन प्रमंडल की ओर से वनरक्षियो के बीच दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के जरिए लोगों को वन्य प्राणियों के संरक्षण का संदेश दिया गया। दौड़ प्रतियोगिता में पहले स्थान पर आकाश कुमार, दूसरे स्थान पर मनीष यादव व तीसरे स्थान पर ईद्रजीत झा व रणवीर कुमार रहे। इन विजेता प्रतिभागियों को वन प्रमंडल पदाधिकारी चंचल प्रकाशन ने सम्मानित किया। उन्हें उत्साहित करते हुए कहा कि वन्य प्राणी भी कही न कहीं समाज के लिए लाभदायक साबित होते हैं। इनका संरक्षण पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है।

# भोजपुर में युवती की हत्या, मारी गई 3 गोली; अर्धनग्न हालत में मिला शव

## फॉरेंसिक टीम के साथ एसपी और एसडीपीओ जांच करने पहुंचे सहार

- घटनास्थल से तीन खोखा, कपड़ों से भरा बैग और चूड़ी सहित अन्य सामान बरामद
- घटना की छानबीन में जुटी पुलिस, फॉरेंसिक व तकनीकी जांच की ली जा रही मदद

**केटी न्यूज/आरा(सहार)**



जिले में सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाईवे पर सहार थाना क्षेत्र के बरुही गांव के समीप रविवार की रात एक युवती की गोली मार हत्या कर दी गयी। उसका शव सोमवार की सुबह करीब आठ बजे अर्द्धनग्न हालत में स्टेट हाईवे के किनारे से बरामद किया गया। युवती को कंधे और जांच के पास तीन गोलियां मारी गई है। अर्द्धनग्न हालत में शव मिलने से दुष्कर्म की भी आशंका जतायी जा रही है। घटनास्थल से तीन खोखे, खोले गये कपड़े, कपड़ों से भरा बैग, चप्पल, चूड़ी और इयर रिंग बरामद किया गया है। युवती की उम्र तकरीबन 25 साल आंकी जा रही है। हालांकि की पहचान नहीं हो सकी है। उसके बायें हाथ की केहूनी पर (गोलू दूबे) किसी लड़के के नाम का टैटू और हथेली पर मेंहदी से शिवानी लिखा है। इधर, सुबह होते ही अर्द्धनग्न हालत में हत्या कर फेंका गया युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गयी।? सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी। एसपी संजय कुमार सिंह, एसडीपीओ राहुल सिंह एवं अगिआंव इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार भी पहुंचे और अपने स्तर से छानबीन की। फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और अपने स्तर से जांच की। इस दौरान टीम की ओर से साक्ष्य के तौर सैंपल भी लिखा गया। इधर, एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि वैज्ञानिक और तकनीकी जांच के जरिए तफ्तीश की जा रही है। युवती और उसके कातिलों की पहचान की भी कोशिश की जा रही है। इसके लिए फॉरेंसिक और डीआईयू टीम की मदद ली जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम और मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही दुष्कर्म के बारे में कुछ कहा जा सकता है। खुलासा करने के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित की गयी है।

**सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और टैटू के जरिए हत्या का क्लू खोज रही पुलिस :** पुलिस वैज्ञानिक व तकनीकी जांच के सहारे अज्ञात युवती की मर्डर मिस्ट्री का खुलासा करने में जुटी है। इसके तहत पुलिस सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और टैटू के जरिए का युवती और उसके हत्यारों का सुराग खोज रही है। इसे लेकर पुलिस स्टेट हाईवे पर घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। घटनास्थल का रात से ले सुबह तक का मोबाइल डाटा डंप भी तैयार किया गया है।

### रात में कहीं, तो सुबह कहीं और, आखिर किसने हटाया शव?

हत्या करने के बाद युवती के शव को इधर-उधर किया गया था। रात में शव दूसरी जगह था, जबकि सुबह कहीं और। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर शव को किसके द्वारा हटाया गया है? एसपी ने भी इस बात की पुष्टि की है। एसपी के अनुसार ग्रामीण की ओर से बताया गया कि रात करीब नौ बजे उसे देखा गया था। तब शव कहीं और था। पूरा कपड़ा भी था। रात में लोगों को गोली की आवाज भी मिली थी। लेकिन, सुबह शव कुछ दूरी पर और अर्द्धनग्न देखा गया। वहीं, एसपी के अनुसार घटनास्थल पर उतना खून भी नहीं था, जितना चाहिए था।ऐसे में कहना मुश्किल है कि हत्या का वास्तविक स्पॉट क्या है। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम की इस बात की जानकारी दे दी गयी है। बताया जा रहा है कि सुबह तक शव सड़क के थोड़ी दूरी पर था।

### घंटों जांच के बाद जब्त नमूने लेकर लौटी फॉरेंसिक टीम

अज्ञात युवती की हत्या के बाद जांच के लिए पटना से फॉरेंसिक एक्सपर्ट भी बुलाये गये थे। सहायक निदेशक मो. सईद आलम के नेतृत्व में पहुंची तीन सदस्यीय टीम द्वारा घंटों जांच की गई। उस दौरान घटनास्थल की बारिकी से जांच की गई। घटना स्थल पर पड़े खोखे, युवती के कपड़े, चप्पल, खून और इयर रिंग की जांच की गई। उसके बाद टीम द्वारा युवती के कपड़े, चप्पल और खून सहित अन्य सैंपल साक्ष्य के तौर लिया गया। उसके बाद टीम लौट गयी।

## एक नजर

### फांसी के फंदे पर झूल युवक ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस



**जहानाबाद।** शहर के शांति नगर बाल्टी फैक्ट्री के समीप एक मकान में फांसी के फंदे से लटके एक युवक के शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। दरअसल कुछ दिनों से युवकर रविन्द्र कुमार उर्फ भीम अपने घर में अकेले रह रहा था। पत्नी अपने बच्चों के साथ मायके चली गई थी। वहीं, मां भी अपने बेटी के पास रह रही थी। अकेले रहने के कारण वह डिप्रेशन में चल रहा था। आसपास के लोगों के अनुसार इसी डिप्रेशन के कारण उसने भी आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह उसकी मां गायत्री देवी अपनी बेटी के घर से जब कपड़े लेने के लिए अपने घर आई, तो बेटे के फंदे से लटके हुए शव को देख दहाड़ मार कर रोने लगी। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जूट गए और इसकी सूचना नगर थाने की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और पूरे मामले की जांच की। मृतक के स्वजनों ने बताया कि रविन्द्र कुमार उर्फ भीम पेंटिंग का काम करता था। इसकी पत्नी कई महीनों से अपने मायके गई हुई थी और वह घर में अकेले रह रहा था। परिजन आत्महत्या के कारण का स्पष्ट रूप से जानकारी नहीं दे रहे। स्वजनों की माने तो रविन्द्र का किसी से कोई विवाद नहीं था। इधर, पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**रोहतास।** जिले के आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर सोमवार की देर शाम टेढ़की पुल के पास बस की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। सूत्रों कि मानें तो आरा से रांची जाने वाली बस बिक्रमगंज से खुलकर के सासाराम की तरफ तेज गति से जा रही थी। उसी दौरान टेढ़की पुल के समीप अधेड़ सड़क पार करने लगा। जिसके कारण बस की चपेट में आ गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बिक्रमगंज निवासी तौहीद खान 50 वर्ष के रूप में हुई है। दुर्घटना में मौत की खबर इलाके में आग की तरह फैली जिसका परिणाम हुआ कि बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। आक्रोशित लोगों द्वारा थाना चौक पर सड़क जाम कर दिया गया, । लोग मृतक के परिजन के लिए मुआवजे की मांग की कर रहे थे। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम समाप्त कराया। वहीं पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया।

### मंझार कुंड में डूबने से 2 युवकों की मौत

**कैमूर।** जिले के मंझार कुंड में डूबने से 2 युवकों की मौत हो गई। घटना रविवार की शाम में हुई जब झरने में नहाते समय अचानक पानी का बहाव तेज हो गया। जिसमें दोनों युवक युवकों तेज धारा में बह गए। पुलिस व एनडीआरएफ की टीम ने 24 घंटा बाद यानी सोमवार को काफी मेहनत के बाद दोनों युवकों का शव बरामद किया गया। मृतकों में एक युवक राजस्थान का रहने वाला है। डूबने की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने झरने से शव निकालने के लिए गोताखोरों को लगाया। एक मृतक युवक कैमूर के बद्दी गांव का रहने वाला 16 वर्षीय रितेश है जो दोस्तों के साथ नहा रहा था। रितेश गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव में बह गया। मदद के लिए चिल्लाने पर पिकनिक मनाने आये युवक ने 16 वर्षीय रितेश को बचाने के लिए कोशिश की लेकिन तेज बहाव की वजह से युवक भी पानी में बह गया। युवक की पहचान राजस्थान के मकराना के रहने वाले परवीन अहमद के रूप में की गयी। परवीन रामगढ़ में एक कंपनी में काम करता था।

## प्रशासनिक तानाशाही के कारण हुई पंचायत रोजगार सेवक की मौत

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

काको प्रखंड के मनियावा पंचायत में कार्यरत दिवंगत पंचायत रोजगार सेवक समीर की याद में शोकसभा का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता अशोक कुमार ने की। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रखते हुए शोकसभा का आयोजन किया गया। बताया गया कि समीर सुमन का निधन उनके पैतृक आवास ग्राम चमंडी (मखदुमपुर) में हुआ था। स्व. सुमन के परिजनों ने बताया कि स्थानांतरण के कारण वह काफी तनाव में थे। उनकी तबीयत खराब होने के बावजूद भी छुट्टी स्वीकृत नहीं की गई। जिसके कारण तबीयत और खराब होती गई और एकाएक हृदय गति रुक जाने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। जिसके कारण पंचायत रोजगार सेवकों में काफी रोष व्याप्त है। उपस्थित पंचायत रोजगार सेवकों ने सरकार से मांग किया कि मृतक के आश्रित को अनुकंपा का लाभ देते हुए नौकरी देने एवं 20,00000 का मुआवजा प्रदान किया जाए। शोक सभा को संबोधित करने वालों में पंचायत व रोजगार सेवक रंजीत, ब्रजदेव, संतोष, सतेंद्र कुमार भारती, राजीव, मधुरेंद्र , उमेश , उपेंद्र कुमार, व्यास जी, कौशल , विकास , सूरज , गणेश, संतोष कुमार, सतेंद, राज , श्याम एवं सभी पंचायत रोजगार सेवक उपस्थित हुए।

## इसाढ़ी बाजार गोलीकांड : पुरानी दुश्मनी में की गयी थी फायरिंग, एक गोलीबाज गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के आयर थाना अंतर्गत इसाढ़ी बाजार गोलीकांड का पुलिस द्वारा खुलासा कर दिया गया। पूर्व की दुश्मनी में दहशत पैदा करने को लेकर गोलीबारी की गई थी। इस मामले में एक गोलीबाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। फायरिंग में इस्तेमाल बाइक भी बरामद कर ली गयी है। पकड़ा गया गोलीबाज आयर थाना क्षेत्र के आटापुर गांव निवासी अभय कुमार है। उसने घटना में शामिल होने की बात भी स्वीकार कर ली है। एसपी संजय कुमार सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना के बाद बदमाशों की पहचान और धरपकड़ को लेकर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी जांच और लोकल इनपुट के जरिए तीनों अपराधियों की पहचान की गयी। उसके बाद आटापुर गांव से अभय कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उससे पूछताछ के बाद एसपी ने बताया आयर थाना क्षेत्र के कहेन गांव के दो लड़कों में कुछ रोज पूर्व झड़प हुई थी?। उसी को लेकर दहशत पैदा करने के लिए फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना में शामिल दो अन्य बदमाशों की पहचान कर ली गयी है। दोनों की गिरफ्तारी और हथियार बरामदगी को छापेमारी की जा रही है। टीम में आयर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार भास्कर और दारोगा भावना राय शामिल थे। बता दें कि शनिवार की दोपहर आरा-मोहनियां हाईवे पर स्थित इसाढ़ी बाजार में बाइक सवार तीन बदमाशों द्वारा ताबड़तोड़ तीन राउंड फायरिंग की गयी थी। उससे इलाके में सनसनी वह दहशत पैदा हो गयी थी।

## मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विशेष विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार डॉ. राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर सदर प्रखंड अंतर्गत अमैन पंचायत में मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच कुमारी पिंकी ने की। विधि विशेषज्ञ पैनल अधिवक्ता राजीव कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि आज भारत में मानसिक स्वास्थ्य एक बड़ी समस्या तेजी से बढ़ रही है। खासकर हमारे युवा पीढ़ी इसकी गिरफ्त में ज्यादा है। सही रूप से किसी भी चीज के संबंध में गहराई से जानकारी और प्रयास नहीं करने के कारण मानसिक रूप से लोग बीमार हो रहे हैं। प्रतिस्पर्धा के समय में सही निर्णय सही समय पर लोग नहीं ले पाते हैं। आज भी शिक्षा के अभाव के कारण विशेष जानकारी नहीं रहने के कारण मानसिक रूप से लोग ग्रस्त हो रहे हैं। छोटे-छोटे वाद विवाद के कारण मानसिक बीमारी भी लोगों को ग्रसित कर रही है। स्थानीय सरपंच, वार्ड पार्षद बेबी देवी ने भी लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि छोटे-छोटे बाद विवाद से बचना चाहिए और सही समय पर सही निर्णय लेना चाहिए। पारा विधिक स्वयंसेवक विमल कुमार, संजय पंडित ने भी स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि दिनांक 12 नवंबर को अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है और सभी लोगों से निवेदन है कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर छोटे-छोटे मुकदमे को निष्पादन निःशुल्क कराकर वाद-विवाद से बचें बहुमूल्य समय को बचाएं विवाद से दूर रहकर खुशहालपूर्वक रहे। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण, चिकित्सक, चिकित्सा दल के साथ तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया।

## स्वर्गीय भुवन बाबा की वंश परम्परा तथा यश-कीर्ति गाथा का लोकार्पण

# वंश-परंपरा एवं उसके यश-कीर्ति की गाथा है 'भुवन-भास्कर'

### 600 पृष्ठों से युक्त पुस्तक गांवों की वंश-परंपरा व यश-कीर्ति गाथा का है संग्रह

**केटी न्यूज/आरा**



महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत गांवों में बसता है। भारत एक बड़ा और कृषि प्रधान देश है, जहां तरह-तरह की संस्कृति विभिन्न लोकाचारों से जन्म लेती है। विभिन्नताओं वाला यही लोकाचार ही हमें विश्व में सबसे अलग रखता है और यही है हमारी समृद्ध विरासत। लेकिन इस विरासत को नई पीढ़ी बढ़ते शाहरवाद और नवीनता के साथ यादों के झरोखे में पीछे छोड़ते जा रही है। आज गांव से नई पीढ़ी दूर होते जा रही है और अपने मूल जड़ों को भूलते जा रही है। इन मूल जड़ों को खोजने का उद्देश्य ही एक वृद्ध को किताब लिखने की प्रेरणा दे देता है और वे जड़ों को खोजने में एक ग्रंथ ही लिख डालते हैं। जिसका नाम है 'भुवन भास्कर'। जी हां हम बात कर रहे हैं सलेमपुर के रहने वाले बिहार पुलिस पूर्व अधिकारी कृष्ण चंद्र दुबे उर्फ.मनन दुबे की जिन्होंने रिटायरमेंट के बाद गांव की इतिहास को समेटने का बीड़ा उठा अभी भी काम मे व्यस्त हैं। लगभग 75 वर्ष की उम्र में भी उनकी ऊर्जा देख बाबू कुंवर सिंह के जोश की कहावत चरितार्थ हो जाती है। भुवन-भास्कर की रचना कर कृष्ण चन्द्र दुबे ने एक नयी परम्परा को जन्म दिया है, जो पूरे भारतीय समाज के लिए एक प्रेरणा है। 600 पृष्ठों से युक्त यह पुस्तक सलेमपुर और आसपास के गांवों की वंश-परंपरा और उनके यश-कीर्ति गाथा का संग्रह है। यह पुस्तक एक संस्मरणात्मक इतिहास है जो उपन्यास की तरह रोचक और सही तथ्यों पर आधारित है।

'भुवन भास्कर' स्वर्गीय भुवन बाबा की वंश परम्परा तथा यश-कीर्ति गाथा का लोकार्पण रविवार को सलेमपुर स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्व. हरिपाल दुबे सेवा सदन के प्रांगण में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वीर कुंवर सिंह विश्वविधालय आरा के पुर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. नन्द जी दुबे, विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय गांधी कालेज आरा के पूर्व प्राचार्य डॉ. हरे कृष्ण उपाध्याय, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के पूर्व दर्शन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉक्टर महेश सिंह और बिहार पुलिस विभाग पूर्व अधिकारी व इस पुस्तक के लेखक कृष्ण चंद्र दुबे ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मनोज कुमार दुबे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पुस्तक पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि प्रस्तुत ग्रंथ की लेखन शैली संस्मरणत्मक, काव्यात्मक एवं वर्णात्मक है। यही कारण है कि इतिहास तथा समाज शास्त्र जैसे विषय में काव्यात्मक तथा अत्यंत रोचक तरीके से रखा गया है। पुस्तक लोकार्पण के बाद धन्यवाद ज्ञापन अभिलाष दुबे ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर किया।मौके पर उपास्थित डॉक्टर पनक भूषण दुबे, रंजन मिसिर, जितेन्द्र दुबे, निर्मल दुबे, बालदेव दुबे, नागेश्वर दुबे, चंद्रमा दुबे एवं समस्त ग्रामीण मौजूद थे।

## जिले छोटी खबरें

### रिटायर कर्मियों से संबंधित प्रतिवेदन होंगे जमा



**बक्सर।** जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में सेवांत लाभ एवं अन्य सेवा संबंधी बैठक समाहरणालय परिसर स्थित सभागार में आहूत की गई। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालय के कार्यालय प्रधान को निर्देश दिया कि जो कर्मी नवंबर माह में रिटायर होने वाले हैं, उनकी सूची बनाते हुए (सेवांत लाभ से) संबंधित प्रतिवेदन स्थापना उप समाहर्ता को 31 अक्टूबर तक दे दिया जाए। जिससे रिटायर होने वाले कर्मी को सेवांत लाभ से मिलने वाली राशि को विभागीय नियमानुसार उस कर्मी के विदाई समारोह के साथ दिया जा सके। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी बक्सर का निर्देश दिया गया कि वो अपने सभी संबंधित कर्मी जो नवंबर माह में रिटायर होने वाले हैं उससे संबंधित प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया।
जिलाधिकारी महोदय ने सेवांत लाभ से संबंधित सीडब्ल्यूजेसी के मामलों की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, स्थापना उप समाहर्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मादक पदार्थों की बिक्री पर नहीं लगी लगाम

**बक्सर।** थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री पर लगाम नहीं लग सका है। बल्कि पुलिस प्रशासन की उदासीनता से मादक पदार्थ के तस्करों के मनोबल बढ़े हुए है। गांजा, हेरोईन, चरस जैसे मादक पदार्थों की बिक्री से सभ्य लोग सहमे हुए हैं। वहीं, युवा नशाखोरी के शिकार हो रहे है। पूर्व में अनुमंडल के विभिन्न गांवों में बरामदगी मादक पदार्थों की तस्करी को प्रमाणित करती है। क्षेत्र में गांजा की बरामदगी के बाद पुलिस ने पूरे नेटवर्क को खंगालने का दावा किया था। लेकिन, पुलिस अब तक क्षेत्र में सक्रिय तस्करों को चिन्हित भी नहीं कर पाई है। जानकारों की मानें तो अभी भी क्षेत्र में कई बड़े तस्कर सक्रिय है। जो पुलिस की आंखों में धूल झोंक मादक पदार्थों की तस्करी करते है। मादक पदार्थों के साथ ही क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री भी सभ्य लोगों के लिए चुनौती बनी हुई है। विभिन्न चौक चौराहों पर शाम ढलते ही पियक्कडों के उत्पात से लोगों को फजीहत झेलनी पड़ती है।

# सिमरी में आयोजित होगा दिव्य एवं भव्य श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, तैयारी पूरी

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी में दिव्य एवं भव्य श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन दो से सात नवंबर तक सिमरी रामोपट्टी में श्री श्री 1008 श्री गंगापुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। महायज्ञ के आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह व्याप्त है तथा ग्रामीण अभी से ही इसकी तैयारी शुरू कर दिए है। सोमवार को महायज्ञ आयोजन समिति की एक बैठक भी आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से महायज्ञ को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय बाद उनके गांव में इतना बड़ा महायज्ञ हो रहा है। जिसे ऐतिहासिक बनाया जाएगा तथा प्रवचन व कथामृत के लिए श्री गंगापुत्र त्रिदंडी स्वामीजी के नेतृत्व में कई ख्याति प्राप्त संतो को बुलाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अग्रणी डा हिमांशु पांडेय ने बताया कि 2 नवंबर को कलशयात्रा के साथ महायज्ञ शुरू होगा। तीन नवंबर को अरणी मंथन कर महायज्ञ की विधिवत शुरूआत की जाएगी। जबकि सात नवंबर को पूणार्हुति व विशाल भंडारे के साथ महायज्ञ संपन्न होगा। सात नवंबर को ही भजन संध्या का आयोजन भी किया गया है। जिसमें कई चर्चित कलाकार श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे।



बैठक में उपस्थित यज्ञ समिति के सदस्य

- श्री श्री 1008 श्री गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है यज्ञ

वहीं, आयोजन समिति के प्रो जनार्दन पांडेय ने बताया कि श्री गंगापुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महाराज भागवत कथा का परायण कराएंगे जबकि श्री देवकीनंदन भारद्वाज जी महाराज श्रद्धालु भक्तों को कथामृत का पान कराएंगे। इसके अलावे महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन दिन में रामलीला व रात में रासलीला का मंचन कराया जाएगा। इसके लिए रामलीला व रासलीला मंडली को आमंत्रित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यज्ञ मंडल के अलावे पूरे परिसर को काफी भव्य बनाया जाएगा। ताकी, यहां आने वाले श्रद्धालुओं को रमणीक वातावरण मिल सके। आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ के आयोजन से ग्रामीणों में खुशी व्याप्त है। ग्रमीण अपने स्तर से भी तैयारी में लगे है। आयोजन को सफल बनाने के लिए सार्वजनिक रूप से चंदा इकट्ठा किया जा रहा है। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश पांडेय, अरबिंद पांडेय, बड़क जायसवाल, राकेश पांडेय, जितेन्द्र चौधरी, श्रीकांत पांडेय, अनिल पांडेय, विजय राय, हरेन्द्र पांडेय, राजेश चौधरी, लालबाबू राय, श्रीभगवान यादव, पवन पांडेय समेत कई अन्य मौजूद थे।

# सीओ ने अतिक्रमण हटाने का थमाया नोटिस तो जमीन मांगने पहुंचे रजडीहा के ग्रामीण

## आनाबाद बिहार सरकार की जमीन पर घर बनाने वाले 44 लोगों को मिला है नोटिस

- ग्रामीणों ने खुद को भूमिहीन बता वास योजना के तहत पर्चा देने की लगाई गुहार

**केटी न्यूज/ डुमरांव**

सोमवार को डुमरांव सीओ के समक्ष उस वक्त अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई, जब सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के आरोपी रजडीहा गांव के दर्जनों ग्रामीण खुद को भूमिहीन बता उक्त जमीन पर वास स्थल हेतु बंदोबस्ती कर पर्चा देने की मांग करने लगे। ग्रामीणों को खुद सीओ ने ही नोटिस भेज अपना पक्ष रखने के लिए बुलवाया था। लेकिन उनकी मांग सुन सीओ खुद पशोपेश में पड़ गए कि उन्हें सरकारी जमीन से बेदखल किया जाए या उन्हें बासगीत पर्चा दिया जाए। बहरहाल सीओ द्वारा इसकी जांच कर करा आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इधर, ग्रामीणों का कहना था कि उनके पास भूमि नहीं है तथा उनके पूर्वज भी इसी भूमि पर बसे थे। ग्रामीण मुख्यमंत्री वास योजना के तहत इस जमीन को उनके नाम बंदोबस्त कर पर्चा देने की मांग कर रहे थे। मांग करने वाले ग्रामीणों में साहिर अंसारी, मो. जब्बार अंसारी, पीर मोहम्मद, असरफ अली, शंकर यादव, सरल यादव, शिवानंद तिवारी, जितेन्द्र यादव, हरेन्द्र यादव, हीरा यादव, मच्छू राय, राजा राय, चंद्रमा यादव, शंकर भर, शिवजी भर, छट्ठू भर, शिरचन भर, बड़क भर, मनोज भर, छोटक भर, मारकंडेय भर, कलामुद्दीन अंसारी, इसलाम अंसारी, ललन गोंड समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल थे। अंचल कार्यालय के बहार ग्रामीण देर तक प्रदर्शन करते रहे। वे अपने हाथों में तख्तियां लिए जमीन की मांग भी कर रहे थे।



अंचल कार्यालय के बाहर जमीन का पर्चा देने की मांग करते ग्रामीण

### यह है पूरा मामला

मौजा रजडीहा के खेसरा नंबर 1356 जो आनाबाद सर्वसाधारण की जमीन है पर दर्जनों परिवारों ने अतिक्रमण करते हुए अपना आशियाना बना लिया है। इसकी शिकायत मिलने के बाद सीओ ने बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 की धारा 2 (3) के तहत चिह्नित अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमा सोमवार को अंचल कार्यालय पहुंच अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया था। लेकिन नोटिस मिलने के बाद अंचल कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने खुद को भूमिहीन बताते हुए कहा कि उनके पूर्वज भी इसी जमीन पर बसे थे तथा बिना उनके रहने का वैकल्पिक व्यवस्था किए अतिक्रमण हटाना व्यवहारिक नहीं होगा।

**अतिक्रमण से गंभीर हो गई है जलजमाव की समस्या :** ग्रामीण सूत्रों की मानें तो अतिक्रमणकारियों द्वारा हाल के दिनों में भी अपने दायरे को बढ़ाया गया है तथा उसमें कई ऐसे है जिनकी पुश्तैनी जमीनें भी है। जबकि उनके द्वारा सरकारी गड़ही तथा रास्ते का अतिक्रमण किए जाने से इस गांव में जलजमाव की समस्या गंभीर हो गई है। लोगों का कहना है कि जिस जगह पर अतिक्रमणकारियों द्वारा पक्का या कच्चा घर बना लिया गया है। उसी रास्ते नहर या बरसात का पानी गांव से बाहर निकलता था। किसानों के खेती के लिए भी नहर के पानी के बहाव का यही मार्ग था। अतिक्रमण होने के बाद जलजमाव की समस्या भी गंभीर होने लगी है। बहरहाल देखना है कि सीओ इस पर क्या निर्णय लेते है।

### नोटिस मामले में माले विधायक ने दिया धरना

**नावानगर।** प्रखंड के सिकरौल, आथर व अतिमी पंचायत में सरकारी जमीन पर गुजर बसर करने वाले भूमिहीनों को अंचल प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने का नोटिस थमाया गया है। जिसके माले ने विरोध में सोमवार को नावानगर प्रखंड मुख्यालय पर धरना दिया। धरना के माध्यम से माले ने भूमिहीनों को वैकल्पिक व्यवस्था करने के बाद उन्हें सरकारी जमीन से बेदखल करने को कहा। धरना को संबोधित करते हुए डुमरांव विधायक डॉ अजित कुशवाहा ने कहा कि आजादी के बाद से अब तक हजारों परिवार भूमिहीन है। जबकि राज्य सरकार से लेकर केन्द्र सरकार तक भूमिहीनों को वास योजना के तहत जमीन का पर्चा दे आवास योजना के तहत घर बनवाने का दावा किया जाता है। उन्होंने कहा कि अंचल प्रशासन की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। भूमिहीनों के रहने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के बाद ही वे जिस जमीन पर बसे है उसे खाली कराने दिया जाएगा। धरना की अध्यक्षता प्रखंड सचिव हरेन्द्र राम व संचालन किसान नेता रामदेव सिंह ने किया। मौके पर सिकरौल मुखिया मनोज सिंह, नीरज कुमार, सैमुद्दीन समेत दर्जनों कामरेड मौजूद थे।

## एक नजर

### डेंगू को लेकर डीएम ने सीएस को जिले में एसओपी जारी करने का दिया निर्देश



**बक्सर।** जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में सोमवार को आशा एवं आशा फैसिलिटेटर के चयन से संबंधित बैठक समाहरणालय परिसर अवस्थित सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान बताया गया कि आशा का 115 वैकेंसी और आशा फैसिलिटेटर का 02 वैकेंसी है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिया कि सभी चिकित्सा पदाधिकारी 10 दिनों के अंदर फॉर्म को फिलअप करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी महोदय ने डेंगू को लेकर सिविल सर्जन बक्सर को सभी आवश्यक उपकरणों एवं दवाइयों की व्यवस्था करते हुए तैयार एवं सतर्क रहने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने इस संबंध में एसओपी की जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही सदर अस्पताल बक्सर एवं अनुमंडलीय अस्पताल डुमराव में इस हेतु आवश्यक दवाइयों एवं उपकरणों के साथ बेड की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिस पर बैठक में बताया गया कि सदर अस्पताल बक्सर में 11 बेड एवं अनुमंडलीय अस्पताल डुमराव में 06 बेड का व्यवस्था कर दिया गया है। बैठक में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी बक्सर डीपीएम बक्सर एवं संबंधित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सोलह लिटर अंग्रेजी शराब के साथ तीन कारोबारी गिरफ्तार, दो बाइक जब्त

**ब्रह्मपुर।** नैनिजोर ओपी पुलिस ने थाना क्षेत्र के महुआर डेगा बाबा स्थान के पास से गश्ती अभियान के दौरान तीन शराब कारोबारियों को कुल 16 लिटर विदेशी अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी दो पैशन प्रो बाइक भी जब्त कर ली है। तीनों भोजपुर जिले के रहने वाले है तथा नैनिजोर पीपा पुल के रास्ते यूपी से शराब की खेप लेकर आ रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार कारोबारियों में प्रिंस कुमार सिंह पिता अखिलेश प्रसाद सिंह, गोलू सिंह पिता विजय सिंह तथा सुनील कुमार गोंड शामिल है। तीनों भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाठक ने बताया कि एक बाइक पर दो तथा दूसरे बाइक पर एक कारोबारी शराब की खेप लेकर आ रहे थे। जिन्हें दिवा गश्ती के दौरान डेगा बाबा स्थान त्रिमुहानी के पास से पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि आवश्यक पूछताछ के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में गंगा के रास्ते उत्तर प्रदेश से शराब की तस्करी बढ़ी है। दियारे इलाके को शराब तस्कर सेफ जोन मान रहे है।

### अप्राकृतिक यौनाचार पीड़ित का वीडियो वायरल करने वाला किशोर गिरफ्तार

**बक्सर।** जिले के सिमरी थाना क्षेत्र में पिछले दिनों एक अधेड़ द्वारा पड़ोस के एक किशोर से अप्राकृतिक यौनाचार का वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित की मां ने इस मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने भी मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन, इस पूरे मामले में पीड़ित किशोर का वीडियो बना सोसल मीडिया पर वायरल करने के आरोपी एक किशोर को भी पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया है। हालांकि, प्राथमिकी में उसका नाम नहीं था। लेकिन, पुलिस जांच में उस पर अप्राकृतिक यौनाचार का वीडियो बना वायरल करने का दोषी पाया गया। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सुनील निर्झर ने इसकी पुष्टि की है। चुकी आरोपी नाबालिक है इसलिए केशव टाइम्स उसका नाम सार्वजनिक नहीं कर रहा है। बहरहाल किशोर के गिरफ्तारी ने अभिभावकों को इस बात की सीख जरूर दे दी है कि वे अपने बच्चों को एंड्रायड मोबाइल दे तो उसकी निगरानी भी रखे। केशव टाइम्स भी आपसे अपील करता है कि कम उम्र के बच्चों के अभिभावक उन्हें मोबाईल से दूर रखे ताकी वे अनजाने में होने वाले अपराध से बच सके।

### साथी की पिटाई के खिलाफ गोलबंद हुए आवास सहायक

**राजपुर।** प्रखंड के कैथहरा कला पंचायत मानिकपुर गांव में शनिवार की शाम आवास सहायक राहुल कुमार के साथ मुखिया प्रतिनिधि तथा उसके पुत्रों द्वारा मारपीट कर अपहरण के प्रयास के खिलाफ आवास सहायक गोलबंद हो गए है। सोमवार को प्रखंड कार्यालय पर एकजुट हुए आवास सहायकों ने इस घटना के खिलाफ आक्रोश जताया तथा अपने साथी को पीटने वालों की गिरफ्तारी नहीं होने पर एक दिवसीय हड़ताल किया। इस दौरान आवास सहायक संघ के जिलाध्यक्ष शैलेश राय व सचिव राजीव कुमार के नेतृत्व में राजपुर बीडीओ इंदुबाला से मिल आवास सहायकों की सुरक्षा देने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की इसके बाद सभी आवास सहायक बक्सर पहुंच डीडीसी महेन्द्र पाल से मिले तथा उन्हें आपबीती सुना सुरक्षा की मांग की। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष शैलेश ने बताया कि डीडीसी ने उन्हें सुरक्षा का आश्वासन देते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच करवा दोषियों पर कार्रवाई करवाया जाएगा। डीडीसी बताया कि कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में लेता है तो यह गलत है। गौरतलब है कि शनिवार की शाम मुखिया प्रतिनिधि तथा उसके पुत्रों व अन्य लोगों ने आवास सहायक से मारपीट कर कागजातों को फाड़ दिया था तथा बलपूर्वक आवास सहायक को अपने वाहन में बैठा लिया था।

# स्वच्छता जागरूकता माह के तहत जिलेभर के स्कूलों में चला स्वच्छता जागरूकता अभियान



जागरूकता रैली में शामिल स्कूली बच्चें

- स्वच्छ सुंदर गांव अभियान के तहत आयोजित हुआ था कार्यक्रम
- डीपीआरओ ने प्रेस रिलीज जारी कर दी जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

विद्यालय स्तरीय हमारा स्वच्छ सुन्दर गाँव अभियान के तहत सोमवार को जिले भर के स्कूलों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। डीपीआरओ से मिली जानकारी के अनुसार सदर प्रखंड के उमरपुर पंचायत के ग्राम बड़का गांव मिश्रवलिया, वार्ड नंबर आठ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया गया तथा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही, बच्चों को कूडेद्रान का प्रयोग, ठोस कचरे का पृथक्करण पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चें, प्राधानाध्यापक, स्वच्छता पर्यवेक्षक रणजीत कुमार एवं स्वच्छता कर्मी मौजूद थे। सिमरी प्रखंड के ग्राम पंचायत पड़री अंतर्गत मध्य विद्यालय नगंवा के बच्चों को गीला एवं सूखा कचरे के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही, बच्चों के माध्यम से गांव में स्वच्छता रैली निकाली गई। स्वच्छता रैली के दौरान ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता को आदतों में शुमार करने की अपील की गई। जबकि, डुमरांव प्रखंड के मुंगांव पंचायत के कोपवा गांव में स्च्छता पर्यवेक्षक राजा राम सिंह के नेतृत्व में स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। पर्यवेक्षक के नेतृत्व में बच्चों के माध्यम से डोर-टू-डोर भ्रमण कर स्वच्छता के महत्व को समझाया गया। सिमरी प्रखंड के ग्राम पंचायत नियाजीपुर खुर्द में बीडीओ की अध्यक्षता में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण के तहत ग्राम पंचायत को सम्पूर्ण स्वच्छ बनाने एवं हमारा स्वच्छ सुन्दर गांव अभियान के तहत प्रखण्ड समन्वयक रविकांत मिश्र, प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पाठक एवं अन्य के सहयोग से स्वच्छता रैली निकाल कर संपूर्ण स्वच्छता का संदेश दिया गया।

# स्वस्थ मस्तिष्क से ही होता है स्वस्थ समाज का निर्माण : प्राचार्य



**केटी न्यूज/ डुमरांव**

सोमवार को विश्व मानसिक स्वस्थ्य दिवस के अवसर पर सुमित्रा महिला कॉलेज के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ शोभा सिंह ने किया। अपने संबोधन में प्रचार्या ने कहा कि स्वस्थ्य समाज का निर्माण स्वस्थ्य मस्तिष्क द्वारा हीं हो सकता है। कई बार शरीर स्वस्थ्य दिखता है पर मन बीमार होता है।अस्वस्थ मन का प्रभाव पूरे शरीर पर पड़ता है। छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्रचार्या ने कहा कि मन की एकाग्रता सफल जीवन की कुंजी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सुभाष चंद्रशेखर ने कहा कि विश्व की बड़ी आबादी मानसिक स्वस्थ्य सबंधी समस्या से जूझ रही है।तनावग्रस्त जीवनशैली एवं बिगड़ते मानसिक स्वस्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। अपनी दिनचर्या को बदल कर तथा योगाभ्यास द्वारा इसपर काबू पाया जा सकता है।कार्यक्रम को प्रो. शैलेन्द्र कुमार, प्रो. सुरेश चंद्र त्रिपाठी, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. मनोज कुमार, शम्भू नाथ शिवेंद्र, डॉ. दिनेश सिंह आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अरिणीमा पुष्प, ज्योति, प्रीति अन्यन्या, साक्षी रोशनी आदि ने भाग लिया।

# जिले में घर-घर जाकर की जा रही कुष्ठ के नए रोगियों की खोज

- 17 अक्टूबर तक जिले में सघन रूप से चलाया जा रहा है कुष्ठ रोगी खोजी अभियान
- अभियान के सफल संचालन के लिए प्रतिनियुक्त की गई है 1429 सदस्यीय टीम

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में कुष्ठ रोगियों की खोज के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आगामी 17 अक्टूबर तक घर घर जा कर कुष्ठ के नए रोगियों की खोज की जा रही है। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, अभियान को लेकर जिले की कुल 2190595 आबादी को लक्षित किया गया है। एक हजार की आबादी पर एक टीम बनाई गई है। इसके लिए 1429 टीम को लगाया गया है। साथ ही, अभियान में 71 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं, जो कि अभियान की मॉनिटरिंग करेंगे। टीम में एक पुरुष और एक महिला (आशा कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी सेविका) को रखा गया है। पुरुष की जांच पुरुष करेंगे, जबकि आशा महिला की जांच करेंगी। महिला सदस्य के रूप में आशा कार्यकर्ता या फिर आंगनबाड़ी सेविका या सहायिका का चयन किया गया है। टीम के सदस्यों के द्वारा 254365 घरों का सर्वे करना है।



अभियान के दौरान घरों पर मार्किंग करते स्वास्थ्य कर्मी

**मरीज मिलने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर होगा इलाज :** डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि अभियान के दौरान टीम के सदस्य यदि किसी के शरीर पर दाग या धब्बा पाए जाने पर उनसे तीन सवाल करेंगे। पहला सवाल, यह होगा कि दाग जन्म से तो नहीं है। दूसरा सवाल, होगा दर्द भी करता और तीसरा सवाल, होगा खुजलाहट होती है या नहीं। अगर कुष्ठ के लक्षण वाले मरीज मिले तो उसकी जांच की जाएगी। जांच में अगर कुष्ठ होने की पुष्टि होती है तो स्थानीय सरकारी अस्पताल में उसका इलाज कराया जाएगा। अगर मामला गंभीर हुआ तो जिला कुष्ठ निवारण समिति में उस मरीज को रेफर करने का निर्देश दिया गया है। जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रेफरल अस्पताल और अनुमंडल अस्पताल के साथ सदर अस्पताल व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कुष्ठ रोगियों के इलाज की व्यवस्था है।

**गंभीर कुष्ठ रोगियों को किया जाता है रेफर :** डुमरांव प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरबी प्रसाद ने बताया, अभियान के दौरान अगर कोई ज्यादा गंभीर मरीज मिलता है, तो उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा जाएगा। इलाज में मरीज को किसी भी तरह का खर्च नहीं आएगा। साथ ही इलाज के दौरान उन्हें जो आर्थिक नुकसान होगा, उसकी भरपाई के लिए आठ हजार रुपये सहायता राशि भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे मरीज जो कि कुष्ठ होने की वजह से कोई भी काम करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें 15 सौ रुपये प्रतिमाह पेंशन भी प्रशासनिक स्तर पर दिया जाता है। डॉ. आरबी प्रसाद ने लोगों से अपील की है कि इस अभियान में अपना सहयोग देकर डुमरांव प्रखंड के साथ बक्सर जिला को कुष्ठ से मुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

केशव टाइम्स

पुर्वांचल, 11 अक्टूबर 2022




भागवत गीता

धरती पर जिस प्रकार मौसम में बदलाव आता है, उसी प्रकार जीवन में भी सुख-दुख आता जाता रहता है।



## छोटी खबरें

### सड़क हादसे में टेंपो चालक की मौत, पांच यात्री जख्मी

**गाजीपुर।** जिले के सैदपुर में गाजीपुर-वाराणसी हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से टेंपो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में टेंपो चालक को गंभीर चोटें आईं और आसपास जुटे लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वाहन में सवार पांच अन्य घायलों का अस्पताल मं इलाज शुरू हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मुस्लिम पुरगांव निवासी कमलेश उर्दू शेर प्रजापति (35) अपने टेंपो में सवारी बैठाकर सैदपुर से पहाड़पुर जा रहा था। महुलियां गांव के पास सामने से आ रही एक पिकअप ने टेंपो को जोरदार धक्का मार दिया। जिससे टेंपो मार्ग के किनारे 10 फीट गहरे गड्ढे में गिर गई। जिसमें टेंपो चालक कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पिकअप सवार मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। पास से गुजरी 112 नंबर के पुलिस वाहन ने कमलेश को सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक कमलेश के परिजनों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर कोहमरा मच गया। घटना के बाद शव को कब्जे में लेकर पुलिस उसका पंचनामा करने में जुट गई है।

### जोश प्रतियोगिता परीक्षा का निकला परिणाम

**बलिया।** जिले के हनुमानगंज प्रखंड के बरवां गांव में होने वाली जोश प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम अब आ गया है। जिसका छात्रों को बड़ा ही बेसब्री से इंतजार था। परीक्षा में टॉप करने वाला कक्षा 11वीं का छात्र मनजीत चौरसिया है, जो गड़वार के रहने वाले हैं। वहीं परीक्षा में दूसरे स्थान पर कक्षा 7 के छात्र आयुष गुप्ता पियरिया तथा जोश प्रतियोगिता परीक्षा के तीसरे स्थान पीयूष यादव कक्षा 12 जिला गाजीपुर ग्राम कंधोरा रहने वाले हैं। इस जोश प्रतियोगिता परीक्षा में 500 छात्रों में इन 3 छात्रों ने टॉप किया है।

### चोरी की डीजल इंजन और तमंचे के साथ छह गिरफ्तार

**गाजीपुर।** खानपुर पुलिस ने रविवार की देर रात चोरी की घटनाओं में शामिल छह चोरों को चोरी के माल समेत दबोच लिया। उनके कब्जे से पुलिस ने देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस सहित दो चोरी का गैस सिलेंडर और एक इंजन बरामद किया। जिन्हें थाने लाकर पूछताछ करने के बाद चालान कर कोर्ट में हाजिर किया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिए गए।

# चतुर्मास व्रत में जीयर स्वामी जी महाराज से लोगों ने सीखा नारायण से साक्षात्कार का ज्ञान

- श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने जीवन में आने वाली हर समस्याओं के समाधान का बताया तरीका

**केटी न्यूज/बलिया**



भारत के महान संत श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के श्री शिष्य जीयर स्वामी जी महाराज द्वारा चतुर्मास्य व्रत समापन के बाद पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ ऐतिहासिक रहा। यह यज्ञ बलिया जनपद के लिए यादगार पल रहेगा। बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश सहित भारत के कोने कोने से लाखों की संख्या में लोगों ने इस यज्ञ में हिस्सा लिया। जिसे लोगों ने यादगार पल बना दिया। आयोजक समिति को इतनी उम्मीद भी नहीं थी कि इतना जनसैलाब इस महायज्ञ में उमड़ पड़ेगा। 14 जून से लेकर 4 अक्टूबर तक चले चतुर्मास व्रत में के दौरान श्री जीयर स्वामी जी के मुखारविंद से लोगों ने जीवन जीने की कला से लेकर नारायण से साक्षात्कार करने का ज्ञान सीखा। स्वामी जी महाराज ने प्रवचन के दौरान जीवन में आने वाली हर समस्याओं के समाधान का तरीका बताया। धीरे धीरे भव्य बने प्रवचन पंडाल में लोगों की संख्या बढ़ती चली गई। पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की भीड़ ज्यादा रही। लोग काफी तन्मयता से स्वामी जी के प्रवचन को अपने जीवन में सारगर्भित तरीके से संजोने का प्रयास किया।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर जी के पुत्र राज्यसभा सांसद नीरज शेखर तथा यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक तथा उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह तथा उप संरक्षक कमलेश सिंह के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता रात दिन एक कर दिए। जिसका परिणाम हुआ कि इतना बड़ा महायज्ञ 100% सफल रहा। 4 अक्टूबर को हो रहे कलश यात्रा के दौरान जमकर बारिश हुई। लेकिन, इसके ऊपर आस्था का जनसैलाब भारी पड़ा। खराब मौसम के बावजूद लाखों लोगों ने कलश यात्रा में हिस्सा लेकर यह बता दिया कि कैसा भी मौसम हो आस्था को प्रभावित नहीं कर सकता। छोटे छोटे बच्चे बूढ़े महिला पुरुष से लेकर हर उम्र के लोगों ने कलश यात्रा में हिस्सा लेकर यादगार बना दिया।

उसके बाद 8 अक्टूबर 2022 को राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन में भारत के कोने-कोने से आए संत महात्मा ने एक मंच से सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागृत किया। धर्म सम्मेलन के दिन तो लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सूत्रों की माने तो करीब 15 से 20 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। जिसमें दर्जनों केंद्रीय मंत्री राज्य सरकार के दर्जनों मंत्री तथा अनेकों सांसद विधायक आदि ने हिस्सा लिया।देखने से ऐसा लग रहा था मानो यहीं पर कुंभ लगी हो। 10-10 किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मी संभालते नजर आए इतने चौड़े नेशनल हाई-वे पूरे 5 दिन तक जाम रहा। 128 छोटे तथा एक बड़े यज्ञ मंडप में बने सैंकड़ो हवन कुंडों में विश्व शांति हेतु करीब 500 यजमानों ने दर्जनों आचार्य गणों के मंत्रोचार के बीच एक साथ आहुति दी। जो कि बलिया जनपद के लिए एक गौरवशाली क्षण रहा। एक तरफ विशाल बने यज्ञ मंडप के चारों तरफ हजारों की संख्या में लोग परिक्रमा कर रहे थे तो दूसरी तरफ लोग देश के आए कोने कोने से संतों का दर्शन कर रहे थे। वहीं, बगल में बने भव्य पंडाल में लाखों की संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। जिसमें यज्ञ समिति के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता सब की सेवा में लगे हुए थे।

मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि पूरे भारत में स्वामी जी के शिष्य करोड़ों की संख्या में बन चुके हैं। जिनकी संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। यज्ञ के अंतिम दिन भव्य तरीके से सांस्कृतिक भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नेता सह अभिनेता मनोज तिवारी मृदुल भरत शर्मा व्यास गोपाल राय अंकुश राजा सहित दर्जनों कलाकारों ने स्वामीजी पर बने भजन गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वामी जी महाराज ने पूरे प्रवचन में लोगों को सारगर्भित बातों को बताया कि जीवन में कैसे जीना है लोगों के साथ कैसा व्यवहार करना है। किसी को अपमानित नहीं करना चाहिए। किसी भी जीव को मारकर खाने का अधिकार किसी को नहीं है। मनुष्य को अपनी मयार्दा में रहना चाहिए। स्वामी जी महाराज 12 अक्टूबर 2022 को अयोध्या के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# आज जेपी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, तैयारी पूरी

- भाजपा के वरीय पदाधिकारियों के साथ बलिया व छपरा के जिलाधिकारी व एसपी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा
- कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए भाजपा के प्रचार वाहनों के साथ घुड़सवारों को किया गया रवाना

**केटी न्यूज/बलिया**



जयप्रकाश नारायण की जन्मस्थली बिहार के लाला टोला सिताबदियारा में 11 अक्टूबर को गृहमंत्री अमित शाह का आगमन हो रहा है। वह स्मारक भवन में जेपी की प्रतिमा का अनावरण, तिरंगा प्रशिक्षण केंद्र सहित कई योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से चल रही है। रविवार को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, बिहार के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल, सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, राज्यसभा सदस्य नीरज शेखर, एचएन शर्मा, मुरली छपरा ब्लॉक प्रमुख कन्हैया सिंह, रामप्रकाश सिंह, अरविंद सेंगर, निर्भय सिंह गहलौत, श्यामू उपाध्याय, रत्नेश सिंह आदि पहुंचे थे। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट, सभा स्थल व हेलीपैड का मुआयना किया और आवश्यक जानकारी ली।

तैयारी में यूपी और बिहार के अधिकारी जुटे। गृह मंत्री के कार्यक्रम की तैयारी के लिए बिहार व यूपी के अधिकारियों का जमावड़ा लगा हुआ था। सड़क निर्माण, साफ सफाई, रंग रोगन, पार्किंग सहित अन्य कार्य को अंतिम रूप देने के लिए मजदूर दिन रात लगे हैं। सांसद ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकताओं के साथ ही ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह है। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यक्रम स्थल से बीजेपी के प्रचार वाहनों के साथ ही घुड़सवारों को ग्रामीण इलाके में जनप्रतिनिधियों ने रवाना किया। बलिया की डीएम सौम्या अग्रवाल व एसपी राज करन नय्यर, एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी के साथ ही छपरा के डीएम राजेश मीणा, एसपी संतोष कुमार ने रविवार को तैयारियों की समीक्षा की।

**गृह मंत्री की सभा में जुटेंगे 10 हजार लोग :** लोकनायक जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट परिसर में गृह मंत्री सभा को संबोधित करेंगे। यह सभा बिहार के लिए महत्वपूर्ण है। या कहा जाए कि गृह मंत्री मिशन 2024 का शंखनाथ जेपी जयंती से ही करेंगे। इसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है।

### सिताबदियरा में सीएम के आने की संभावना

**बलिया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 10 अक्तूबर को जिले में प्रस्तावित कार्यक्रम मुलायम सिंह के मृत्यु के बाद स्थगित हो गया है। माना जा रहा है कि अब वे 11 अक्तूबर को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ सिताबदियारा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहां लोक नायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उनकी आदमकद प्रतिमा के अनावरण का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री के जिले में आने की सूचना मिलने के साथ ही प्रशासनिक हलचल तेज हो गई थी। पहले प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत सीएम को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक और निरीक्षण करना था। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की प्रतिमा के अनावरण का कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिया गया था। हालांकि, शनिवार की शाम तक मुख्यमंत्री का आगमन तय माना जा रहा था। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारी भी युद्धस्तर पर चल रही थी। आजीविका से आत्मनिर्भरता मिशन के तहत निराश्रित महिलाओं को किट उपलब्ध कराने का भी कार्यक्रम था।

## एक नजर

### विधायक केतकी सिंह से मिलकर शिक्षामित्रों ने बताई अपनी समस्याएं



विधायक को अपनी मांग पत्र सौंपते शिक्षामित्र

**बलिया।** शिक्षामित्रों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर बांसडीह की क्षेत्रीय विधायक केतकी सिंह से उनके मैरीटार आवास पर मुलाकात कर मांग पत्र दिया। विधायक ने शिक्षामित्रों की बातों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। शिक्षामित्रों ने विधायक को बताया कि पिछले 20-22 वर्षों से शिक्षामित्र प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत हैं। सभी के पास शिक्षक के लिए आवश्यक योग्यता, स्नातक व बीटीसी है। इसके बावजूद उन्हें मात्र दस हजार रुपए में काम करना पड़ रहा है। शिक्षामित्र में प्रतिमाह 40 हजार मानदेय दिलाने की मांग की। इसके साथ महिला शिक्षामित्रों को उनके ससुराल के पास के विद्यालय में स्थानांतरित करने, पुरुष शिक्षामित्रों को मूल विद्यालय में वापसी के लिए एक अवसर देने, आकस्मिक अवकाश को शिक्षकों की तरह एक जनवरी से 31 दिसंबर तक मान्य करने की भी मांग की।विधायक ने सीएम तक समस्याओं को पहुंचाने का दिया आश्वासन :विधायक केतकी सिंह ने आश्वासन दिया कि वह बहुत जल्द मुख्यमंत्री से मिलकर शिक्षामित्रों की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगी। इस दौरान प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, निर्भय नारायण राय, राकेश पांडेय, संजीव सिंह, अजय सिंह, ब्रजेश राम, आशुतोष वर्मा, अवधेश कुमार, मृत्युंजय सिंह, तेजनारायण सिंह, शीत प्रजापति, विनय कुमार, मंजूर हुसैन, विनोद वर्मा, शिवकुमार सिंह, निर्भय कुशवाहा, मनोज शर्मा, अवधेश भारती, अक्षय लाल आदि थे।

### महिला प्रधान को उत्पीड़न व झूठे मामलों में फंसाने का प्रयास

**बलिया।** जिले के बांसडीह रोड थाना अंतर्गत शीतल दवनी ग्राम पंचायत की निर्वाचित महिला ग्राम प्रधान चंदा देवी ने राजनैतिक विरोधियों पर षड़यंत्र के तहत तरह-तरह के हथकंडे अपना कर प्रताड़ित करने तथा सहयोगियों को झूठे मामलों में फंसाने की साजिश रचने का आरोप लगाईया है। महिला प्रधान चंदा देवी ने आरोप लगाया है कि कुछ विरोधी दल के लोग उनके घर आए थे। जिसमें उन लोगों ने पांच साल पहले मर चुके एक व्यक्ति की फिलवक्त मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का दबाव डालने लगे। जिसको लेकर वो काफी समय तक परेशान करते रहे। दूसरी ओर, विपक्षी दलों के लोगों ने आरोप लगाया कि महिला ग्राम प्रधान चंदा देवी के द्वारा एक भी कार्य सही नहीं हुआ है। महिला ग्राम प्रधान सभी ग्राम वासियों को मूर्ख बनाने का काम की है। लेकिन, ग्रामीणों का कुछ और ही बयान आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि महिला ग्राम प्रधान पर लगाया गया आरोप बिल्कुल निराधार है। कुछ विपक्षी दल के लोग पुरानी अदावत को लेकर गरीब महिला प्रधान को फंसाने का प्रयास कर रहे हैं।

### घरेलु विवाद से परेशान महिला ने लगाई नदी में छलांग, देवर ने बचाई जान

**बलिया।** जिले के बैरिया थाना अंतर्गत चांददीयर गांव की एक महिला ने परिवार में घरेलू विवाद से परेशान होकर जयप्रभा सेतु से सरयू नदी में छलांग लगा दी। हालांकि, संयोग यह रहा कि मामले की जानकारी उसके देवर को हुई और वह मौके पर पहुंचा और उसने भी तुरंत नदी में छलांग लगाकर भाभी को बचा लिया। बताया जाता है कि बैरिया थाना क्षेत्र के चांददीयर निवासिनी नीतू देवी 24 पत्नी वीरेंद्र यादव घरेलू विवाद को लेकर काफी परेशान थी। जिसके बाद अवसाद में आकर उसने अपनी जान देने का निर्णय लेते हुए जयप्रभा सेतु पर पहुंची और सरयू नदी में छलांग लगा दिया। उधर, इस बात की जानकारी उसके देवर गुड्डू यादव को हुई, तो वह भी भाग कर जयप्रभा सेतु पहुंचा। देवर ने नदी में डूब रही भाभी को बचा लिया। इसके बाद नदी से निकालकर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा ले आए। जहां चिकित्सकों ने इलाज कर घर भेज दिया।

## बलिया में धूमधाम से मनाया गया बारह रबीअव्वल, एआईएमआईएम पार्टी के सभी बड़े नेता रहे शामिल

**केटी न्यूज/बलिया**



बारह रबिअव्वल मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम के विलादत का जश्न बलिया में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें काबा शरीफ व मदीना शरीफ की झांकी के साथ साथ ऊंट घोड़े से सजी हुई शानदार जुलूस भी निकाली गई। जुलूस में हजारों की तादाद में लोगों ने भाग लिया। इस दौरान प्रशासनिक व्यवस्था भी बहुत चुस्त-दुरुस्त दिखाई दे रही थी। मुस्लिम समाज का उत्साह खासकर बच्चों का उत्साह देखने लायक था। जगह जहाज चौराहों पर जुलूस में के लोगों को खाने पीने के लिए सेब, फल, फूल, मिठाई इत्यादि भी समाजसेवियों के द्वारा बांटा जा रहा था व समाज के मानिंद लोगों का जगह-जगह फूल माला पहनाकर इस्तकबाल भी किया जा रहा था। बहेरी, उमरगंज, परमंदापुर, काजीपुरा, विशुनीपुर, नेवरी, जंगेअली मोहल्ला के मदरसे के बच्चे भी जुलूस में शामिल रहे। पूरा इलाका या रसूल अल्लाह के नारों से पूरा बलिया गूंजता रहा। एआईएमआईएम पार्टी के नेता मोहम्मद शमीम खान, संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान और महासचिव महताब आलम, कालिका प्रसाद, नियाज अहमद भी अपनी पूरी टीम के साथ जुलूस में शामिल हुए। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक मंत्री दानिश आजाद अंसारी भी अपने पूरे लाव लश्कर के साथ, सपा नेता नारद राय, संजय उपाध्याय, लक्ष्मण गुप्ता पप्पू खान, जमाल आलम ने भी जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया। जुलूस का नेतृत्व मौलाना अशरफ रजा, हाफिज अख्तर रजा, हाफिज अब्दुल्लाह, हाफिज फखरुद्दीन, मौलाना हसरतदीन, हाफिज मुजाहिद रजा, डॉ. एम इलियास, डॉ. एमए आजमी, आसिफ जैदी, सनाउल्लाह खान, महबूब आलम, सफी खान, नसीम खान, मेहंदी खान, मोहम्मद सलीम खान, औरंगजेब खान, लड्डू खान, अफसर खान, मुदस्सिर अंसारी, फरीद अहमद, मुराद राशिद, कमाल शाह, आलम मंटू खान, जुबेर खान, अनीश खान, वसीम खान सहित बड़ी तादाद में लोग शामिल रहे।

## नेताजी के निधन से समाज को हुई अपूरणीय क्षति : संजय उपाध्याय



मुलायम यादव के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित करते कार्यकर्ता

**केटी न्यूज/बलिया**

समाजवादी पार्टी के संरक्षक, पूर्व रक्षा मंत्री एंव पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के देहावसान की खबर से जिले के समाजवादी विचारधारा के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। जगह जगह शोक सभाओं का आयोजन किया जाने लगा। नगर पालिका परिषद को पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सपा नेता संजय उपाध्याय में कहा कि नेताजी के निधन से समाज की बहुत बड़ी अपूरणीय क्षति हुई है। नेताजी हमेशा समाज के कमजोर वर्ग से लेकर अंतिम पायदान के व्यक्ति के बारे में सदैव चिंतित रहा करते थे और उनका उत्थान करना लक्ष्य रहा। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता गुरु आश्रम स्थित कैंप कार्यालय पर नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। शोक सभा में गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रखा गया और ईश्वर से उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर डॉ. दिलीप सिंह, पिंटू जावेद, शशि यादव, कयामुद्दीन प्रधान, राजू गुप्ता, विजय सिंह, कृष्ण मोहन सिंह, बंटी वर्मा , राजू मिश्रा, ओमप्रकाश तिवारी सहित सैकड़ों समाजवादी विधायक गण मौजूद रहे।

## मिट्टी गिराकर पीछे आ रहे वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के मरदह थाना क्षेत्र के कंसहरी गांव के पास वाहन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़ फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, मामले की जानकारी होने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। साथ ही, गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतका काकी शिनाख्त भवानीपुर गांव निवासी सोनिया यादव (55) के रूप में की गई, जो मरदह बाजार आई थी। सामान खरीदकर वह पैदल ही घर जा रही थी। कंसहरी गांव के सामने गाजीपुर- वाराणसी - गोरखपुर निमार्णाधीन फोरलेन मार्ग की पटरियों पर मिट्टी गिराकर वाहन पीछे हो रहा था। जो महिला को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़ फरार हो गया। इधर, घटना के बाद स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर थाने आई। परिवार के लोग भी रोते- बिलखते थाने पहुंचे और पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कार्यकताओं पर हमला किसी शर्त पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : प्रमोद

- सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक पर हुए हमले के खिलाफ भाजपाइयों ने जताई नाराजगी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जखनिया ग्राम के पूर्व प्रधान एवं भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक अशोक गुप्ता पर हुए जानलेवा हमले को लेकर सोमवार को भाजपा एवं व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल भुड़कुड़ा कोतवाली पहुंच विरोध जताया। प्रतिनिधिमंडल ने घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी हमलावर की गिरफ्तार न होने पर नाराजगी व्यक्त की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह ने बताया कि यह हमला किसी व्यक्ति पर नहीं हुआ है। सीधे पार्टी पर हुआ है। अपराधी शातिर किस्म का है। पूर्व में भी घटनाओं में संलिप्त रहा है। उसकी गिरफ्तारी निश्चित रूप से जल्द से जल्द होनी चाहिए। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कार्यकताओं पर हमला किसी शर्त पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। घटना के 4 दिन हो गए हैं और पुलिस हाथ पर हाथ रखकर बैठी है। यह उचित नहीं है। लोगों का कहना है अपराधी अवैध रूप से रेलवे की जमीन अधिग्रहण कर रेस्टोरेंट्स चलाता है और अपराधियों को प्रश्रय देता है। कई मामलों में वह वांछित है, निश्चित रूप से ऐसे घृणित मानसिकता के अपराधियों के खिलाफ पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए। लेकिन, अफसोस अभी भी उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिससे व्यापारियों में काफी रोष व्याप्त है।

**व्यापारियों ने दी आंदोलन की चेतावनीः** पार्टी के लोगों ने थानेदार को तीन दिनों का समय दिया। कहा कि जल्द से जल्द अपराधी की गिरफ्तारी सुनिश्चित हो अन्यथा आगे की रणनीति बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता और व्यापारी मजबूर होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, ग्राम प्रधान नंदू गुप्ता, महामंत्री द्वय धर्मवीर राजभर, पीयूष सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि झुन्ना सिंह, ग्राम प्रधान रामाधार गुप्ता, दयाशंकर सिंह, कैलाश वर्मा,अटल सिंह, सचिन चौरसिया, गोपाल गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, विजय मद्धेशिया, श्रवण गुप्ता, सुदामा यादव, विक्की शर्मा, सोनू सिंह, कमलेश यादव, धीरेंद्र सिंह, खरचु गुप्ता, शिव सिंह, यशवंत चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, बंटी गुप्ता, धर्मेंद्र कुशवाहा सहित सैंकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं व्यापारी मौजूद रहे।

# श्री जीयर स्वामी जी का चातुर्मास्य व्रत और महायज्ञ अगले साल पाल्हे कला-जतपुरा में

## श्री जीयर स्वामी जी ने बलिया में की इसकी घोषणा

**केटी न्यूज/बलिया**

वैष्णव भास्कर श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास्य व्रत एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ अगले साल 2023 में झारखंड के गड़वा जिला स्थित श्री बंशीधर नगर पाल्हे कला-जतपुरा में होगा। श्रीजीयर स्वामी जी महाराज ने इस निमित्त उन्हें आमंत्रण देने श्री बंशीधर नगर धाम से बलिया पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं के अनुरोध पर चातुर्मास्य व्रत एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ 2022 की पूणार्हुति के दिन रविवार को विधिवत इसकी घोषणा की थी। चातुर्मास्य व्रत और महायज्ञ के लिए पूज्य स्वामीजी महाराज की सहमति मिलने के बाद सभी श्रद्धालु बलिया से वापस श्री बंशीधर नगर लौट गए। श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज भारतवर्ष के महान मनीषी संत श्री त्रिदण्डी स्वामी जी महाराज व उनके कृपापात्र शिष्य हैं। उल्लेखनीय है गत शनिवार को श्री बंशीधर नगर धाम से 50 से अधिक वाहनों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यूपी के बलिया में जाकर श्री स्वामी जी महाराज से पाल्हे कला-जतपुरा में चातुर्मास्य व्रत और महायज्ञ के निमित्त स्वीकृति प्रदान करने की प्रार्थना की थी। बलिया प्रस्थान करने वालों में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, राजा राजेश प्रताप देव, शंभूनाथ शुक्ला, शिवनारायण चौबे, मुक्तेश्वर पांडेय, भरत प्रसाद निराला, राजेश कुमार पांडेय, गुलाब पांडेय, राजेन्द्र दूबे, लक्ष्मण राम, ओमप्रकाश गुप्ता, सोनू सिंह, चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, हृदयानंद कमलापुरी, ओमप्रकाश गुप्ता, वीरेंद्र प्रसाद, मंदीप प्रसाद, पावस लाल, बंगाली सिंह, रजनीकांत देव, मनीष प्रताप देव, अजित प्रताप देव, विद्याभास्कर, रामश्रृंगार चौबे, द्वारिकानाथ पांडेय, रामकृष्ण चौबे, कृष्णानंद शुक्ला, विजेन्द्र शुक्ला, नारद शुक्ला, सत्येंद्र शुक्ला, कमलेश पांडेय, अखिलेश प्रसाद, मथुरा राम, कामेश राम, शंभू राम, विजय ठाकुर, शंकर महतो, हरिहर पासवान, हरिहर राम आदि के नाम शामिल हैं।

## स्वामी जी को आमंत्रित करने बलिया गए थे श्री बंशीधर नगर के सैकड़ों श्रद्धालु





यज्ञ स्थल पर जुटी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



स्वामी जी से आशीर्वाद प्राप्त करते अंतरराष्ट्रीय भागवत कथावाचक श्याम सुंदर पराशर



दक्षिण भारत के संतों के साथ विमर्श करते स्वामी जी





संबोधन करते मंत्री दयाशंकर सिंह, उपस्थित केंद्रीय राज्यमंत्री अश्वनी चौबे व सांसद नीरज शेखर





यज्ञ की पूर्णाहुति के दौरान हवन करते संत महात्मा



कथा मंच पर मंचासीन अतिथिगण



स्वामी जी महाराज से विमर्श करते पूर्व सांसद सह अभिनेता मनोज तिवारी व अन्य